भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
तारांकित प्रश्न संख्या : *1

सोमवार, 04 दिसंबर, 2023 (13 अग्रहायण, 1945 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

उड़ान योजना

***1. श्री कार्तिकेय शर्मा:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) हरियाणा राज्य में उड़ान योजना के अंतर्गत कितने विमानपत्तन खोले गए हैं;

(ख) आज तक इन विमानपत्तनों को कितनी व्यवहार्यता अंतर निधि प्रदान की गई है;

(ग) हरियाणा राज्य के लिए इस योजना के अंतर्गत कितने नए विमानपत्तन प्रस्तावित हैं;

(घ) निर्धारित/अनिर्धारित उड़ानों की योजना के साथ-साथ अंबाला विमानपत्तन के संचालन की प्रस्तावित तिथि क्या है और शुरुआत में अंबाला विमानपत्तन से जोड़े जाने वाले प्रस्तावित शहरों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) वर्ष 2023 सहित पिछले तीन वर्षों के दौरान हरियाणा राज्य से घरेलू हवाई यातायात का वर्ष-वार और विमानपत्तन-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्री (श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) से (ङ) तक: इस संबंध में एक वक्तव्य सदन के पटल पर रख दिया गया है।

"उड़ान योजना" के संबंध में राज्य सभा के दिनांक 04.12.2023 के तारांकित प्रश्न संख्या 1 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क): उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना के अंतर्गत बोली प्रक्रिया के दूसरे दौर में, हरियाणा सरकार के स्वामित्व वाले हिसार हवाईअड्डे को क्षेत्रीय संपर्क योजना के अंतर्गत विकास किए जाने एवं उड़ानों के प्रचालन के लिए चिह्नित किया गया था। हिसार को चंडीगढ़ से जोड़ने वाली आरसीएस उड़ानें, 14.01.2021 को मैसर्स एयर टैक्सी द्वारा 3-सीटर विमान के साथ शुरू की गईं। हिसार को धर्मशाला तथा देहरादून से जोड़ने वाले मार्ग, 08.02.2021 को शुरू हुए। बाद में प्रचालनिक कारणों से प्रचालक द्वारा 01.08.2021 से उड़ानों का प्रचालन बन्द कर दिया गया था।

(ख): आरसीएस उड़ानों के प्रचालन के लिए, चयनित एयरलाइन प्रचालक को व्यवहार्यता अंतर निधि (वीजीएफ) के रूप में 66,21,669/- रुपये की राशि संवितरित की गई थी। हवाई अड्डों/हेलीपोर्टों/वाटर एयरोड्रोमों के पुनरुद्धार/उन्नयन के अंतर्गत, हिसार हवाईअड्डे के विकास पर 37.81 करोड़ रुपये की राशि खर्च की गई है।

(ग) एवं (घ): तीसरे दौर की बोली प्रक्रिया के दौरान, भारतीय वायुसेना के स्वामित्व वाले अंबाला हवाईअड्डे को, आरसीएस उड़ानें प्रचालित करने के लिए चिह्नित गया था। उड़ान योजना की 4.2 दौर की बोली प्रक्रिया के अंतर्गत, अंबाला-श्रीनगर-अंबाला आरसीएस मार्गों को 19 सीट वाले विमानों के साथ, आरसीएस उड़ानों के प्रचालन के लिए मैसर्स फ्लाईबिग को अवार्ड किया गया था। अंबाला हवाईअड्डे पर सिविल एन्क्लेव के विकास कार्य के लिए 25 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है और यह कार्य हरियाणा सरकार द्वारा किया जा रहा है।

(ङ): फरवरी 2021 से अगस्त 2021 तक हिसार हवाईअड्डे से संपर्क स्थापित करने वाली कुल 182 आरसीएस उड़ानें प्रचालित की गईं हैं।

******